तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों की भर्ती चयन परीक्षा-2022 के संबंध में

(परीक्षा केवल म.प्र. के मूल निवासी के लिए)

आवेदन पत्र भरने की तिथि : 01 नवम्बर 2022 से 15 नवम्बर 2022 तक

ऑनलाइन परीक्षा पद्धति समय सारणी

आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि : 01 नवम्बर 2022 से 20 नवम्बर 2022 तक

परीक्षा दिनॉक एवं दिन	परीक्षा की पाली	अभ्यर्थियों के लिए रिपोर्टिंग समय	महत्वपूर्ण निर्देश पढने का समय	उत्तर अंकित का समय
16-12-2022 शनिवार से प्रारंभ	प्रथम	प्रातः 07:00 से प्रातः 08:00 बजे तक	प्रातः 08 :50 से प्रातः 09:00 बजे तक (10 मिनिट)	प्रातः 09:00 से दोपहर 11:00 बजे तक (2:00 घंटे)
	द्वितीय	दोपहर 12:00 से दोपहर 1:00 बजे तक	दोपहर 01:50 से दोपहर 02:00 बजे तक (10 मिनिट)	दोपहर 02:00 से शाम 4:00 बजे तक (2:00 घंटे)

परीक्षा शहर :- भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, रतलाम, सागर

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया एवं महत्वपूर्ण निर्देश :-

1. परीक्षा की विस्तृत नियमपुस्तिका मण्डल की वेबसाइट www.peb.mp.gov.in पर उपलब्ध रहेगी, जिसमें उल्लेखित समस्त नियमो / जानकारी का अध्ययन करके ही आवेदन पत्र भरा जावे।
2. वेबसाईट www.peb.mponline.gov.in के माध्यम से आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
3. परीक्षा शुल्क

अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए	रू 500/-(प्रति प्रश्न पत्र)
अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति /अन्य पिछड़ा वर्ग /दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए (केवल मध्यप्रदेश के मूल निवासियों के लिए)	रू 250/- (प्रति प्रश्न पत्र)
ऑनलाइन आवेदन -कियोस्क के माध्यम से ऑनलाइन भरने वाले अभ्यर्थियों हेतु एम.पी. ऑनलाइन का पोर्टल शुल्क	रू 60/-
अतिरिक्त रजिस्टर्ड सिटिजन यूजर के माध्यम से लागिन कर फार्म भरने पर पोर्टल शुल्क	रू 20/-
सीधी भर्ती - बैकलॉग	कोई शुल्क नहीं

विशेष निर्देश :

1. अभ्यर्थी को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. अभ्यर्थी का आधार पंजीयन अनिवार्य है।
3. मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं में मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में अभ्यर्थी मतदाता पहचान पत्र, पेनकार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट में से कोई एक को चयनित कर सकता है। यू.आई.डी.ए.आई.(UIDAI) के द्वारा सत्यापित(verify) होने पर ही ई आधार मान्य होगा। मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के अभाव में परीक्षार्थी को परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित किया जाएगा।
4. अभ्यर्थी को नियम पुस्तिका में विनिश्चित मूल परिचय पत्र के अतिरिक्त अपना आधार कार्ड/ई –आधार कार्ड की छायाप्रति / आधार नंबर/ आधार VID की जानकारी लाना अनिवार्य है।
5. परीक्षा में प्रवेश के समय एवं परीक्षा के दौरान बहुस्तरीय बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। अतः जिन अभ्यर्थियों का आधार नंबर लॉक हैं वह परीक्षा दिनाक को परीक्षा केंद्र पर उपस्थिति के पूर्व आधार अनलॉक करवाना सुनिश्चित करें।
6. परीक्षार्थियों को परीक्षा में रिपोर्टिंग समय तक परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके पश्चात विलम्ब से आने पर अभ्यर्थियों की प्रवेश की पात्रता नहीं होगी।
7. परीक्षा कक्ष में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस यथा मोबाईल फोन, कैलकुलेटर, लॉग टेबल्स, एवं नकल पर्चा आदि का उपयोग पूर्णतः वर्जित है।
8. ऑनलाइन आवेदन-पत्र क्रमांक के द्वारा ही ऑनलाइन परीक्षा हेतु अभ्यर्थी अपना प्रवेश-पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अतः आवेदन-पत्र क्रमांक आवश्यक रूप से संभाल कर रखे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आवेदक की ही होगी।
9. परीक्षा केंद्र पर आवेदक को काला बाल प्वाइंट पेन तथा परीक्षा हाल में प्रवेश हेतु मण्डल की वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश-पत्र साथ लाना अनिवार्य है।
10. किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात परीक्षा समाप्ति तक परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति नही होगी।
11. आवेदन–पत्र भरते समय उम्मीदवारों के किसी भी प्रमाण पत्र का परीक्षण मण्डल द्वारा नही किया जाकर नियुक्त प्रकिया के दौरान सम्बंधित विभाग द्वारा किया जाता है। अतः कंप्यूटर आधारित Online परीक्षा में उम्मीदवारों की पात्रता (Eligibility) पूर्णतः प्रावधिक (Provisional) होगी।
12. उपरोक्त सभी पदों के लिये अभ्यर्थी का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य होगा।
13. मध्यप्रदेश के विशेष आदिम जनजाति समुदाय जैसे बैगा, सहारिया/सहरिया एवं भारिया अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को अकार्यपालिक पदों के लिए अपने आवेदन पत्र समस्त आवश्यक प्रमाण-पत्र संलग्न करते हुये हार्डकॉपी में निर्धारित आवेदन-पत्र भरने की अंतिम तिथि तक मण्डल को न भेजते हुये सीधे संबंधित विभाग को पृथक-पृथक पद अनुसार पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित करना होगा। मण्डल को प्रेषित आवेदन पत्र अमान्य माना जायेगा।
14. कोविड -19 महामारी के परिपेक्ष्य में शासन द्वारा जारी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

विशेष नोट : मण्डल अपनी सुविधानुसार परीक्षा तिथि/परीक्षा पाली /शहरो /केन्द्रों एवं अन्य बिन्दुओं में परिवर्तन कर सकता है।

विज्ञापन क्र. 27 / 2022

संचालक

म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

"चयन भवन " मेन रोड नं .1, चिनार पार्क (ईस्ट), भोपाल 462011 फोन नं. : +91-0755-2578801-02,
FAX : +91-0755-2550498, website : www.peb.mp.gov.in